Seventeenth Loksabha

>

Title: Need for repair and four-laning of NH - 753F in Maharashtra - laid

श्रीमती रक्षा निखिल खाडसे (रावेर): महाराष्ट्र राज्य में भुसावल तथा मुक्ताईनगर से जामनेर होकर आगे अजंता केव्स से औरंगाबाद पुणे को जोड़ता है, इस नए नेशनल हाईवे 753F की स्थिति पहुर से अजंता केव्स से लेकर अजंतागांव तक इस नेशनल हाईवे स्ट्रेच मे 6 से 8 kms का घाट सेक्शन रोड की स्थिति इस वर्ष ज्यादा बरसात होने से बहुत ही गंभीर अवस्था में है और इस फोरलेनिंग का काम लगभग बीते एक दो साल से बंद है या बहुत धीमे गति से हो रहा है जिससे इस NH रोड की स्थिति दिन-प्रतिदिन अत्यंत ख़राब हो रही है जिससे कार, बड़े ट्रैक ट्रेलर आदि को बड़ी मात्रा में क्षति पहुँच रही है और एक्सीडेंट्स का प्रमाण का स्तर भी बढ़ा हुआ है| नेशनल हाईवे के अधिकारी भी इस फोरलेनिंग काम को नजर अंदाज कर रहे है । मै माननीय मंत्रीजी से अनुरोध करती हूँ कि इस नेशनल हाईवे 753 F फोरलेनिंग के काम को जल्द से जल्द शुरुआत करने की मांग करती हूँ और तबतक अधिकारियों को यह घाट सेक्शन तुरंत रिपेयर करने का काम के लिए अवगत करायें जाने का अनुरोध भी माननीय मंत्रीजी से करती हूँ|